कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.01.2025

विषय:- फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करके जमीन का फर्जी बैनामा करने के मामले में वांछित 25000/- रू0 का इनामिया अभियुक्त अरुण कुमार थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0215/2023 धारा 419,420,467,468,471,504,506 भा0द0वि0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित 25000/- रू0 के इनामिया अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी नाथूपुर थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी को आज दिनांक-20.01.2025 को समय करीब 11.05 बजे डीएम कंपाउण्ड के पीछे थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- माननीय न्यायालय के 156(3) सीआरपीसी के आदेश के अनुपालन मे प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक-09/05/2023 को विपक्षीगण द्वारा जमीन बेचने के नाम पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर किसी अन्य की जमीन को अपना बताकर फर्जी बैनामा करने, गाली-गुप्ता व जान से मारने की धमकी आदि के सम्बन्ध में थाना कैंट में मु0अ0सं0-0215/2023 धारा 419,420,467,468,471,504,506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 आकाश सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त अरुण कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने मुन्ना लाल बिन्द व संजय सोनकर के साथ मिलकर फर्जी कागजातों का प्रयोग करते हुए आराजी नंबर-50 को अपना बताते हुए मेनका देवी को विक्रय कर दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- अरुण कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी नाथूपुर थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-20.01.2025 को समय करीब 11.05 बजे डीएम कंपाउण्ड के पीछे थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0215/2023 धारा 419/420/467/468/471/504/506 भा0द0वि0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 आकाश सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 सत्यम यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. का0 भवन कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 अनुज कुशवाहा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी